**नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त**

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

**गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के शोधार्थी**

**राजेंद्र कुमार यादव 'लोकसभा प्रशिक्षु कार्यक्रम' में हुए शामिल**

वर्धा, 15 नवंबर 2018: लोकसभा सचिवालय के अंतर्गत 'अध्यक्षीय शोध कदम' के द्वारा त्रैमासिक लोकसभा प्रशिक्षु कार्यक्रम को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के शोधार्थी राजेंद्र कुमार यादव ने सफलतापूर्वक पूरा किया। वे गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के एम.फिल. के शोधार्थी हैं। इस वर्ष यह कार्यक्रम 17 जुलाई से 16 अक्तूबर तक संचालित किया गया। ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम वर्तमान प्रधानमंत्री द्वारा लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन की पहल पर आरंभ किया गया है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के नवयुवकों को भारतीय संसदीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से अवगत कराना है। जिससे देश के युवा संसदीय क्रिया-कलापों को बेहतर ढंग से समझ सकें। यह कार्यक्रम पिछले तीन वर्षों से संचालित हो रहा है। जिसमें देशभर से युवा प्रतिभाग करते हैं। इस वर्ष इसमें लगभग 28 हज़ार 6 सौ प्रतिभागियों ने आवेदन किया था जिसमें से केवल 51 प्रतिभागियों को ही चयनित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं की रुचि को ध्यान में रखते हुए इस बार अधिक प्रतिभागियों का चयन किया गया जबकि पिछले दो वर्षों में यह संख्या मात्र 25 थी।

इस साल इस प्रशिक्षु कार्यक्रम के तहत 10 कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। इन कार्यशालाओं में बतौर मुख्य वक्ता भारत की नामचीन हस्तियाँ उपस्थित थीं। जिनमें माननीय राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, मुख्य चुनाव आयुक्त ओ.पी. रावत सहित अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने शिरकत की। प्रशिक्षुओं को विभिन्न संसदीय कमेटियों में विभाजित किया गया था, जिसमें इन्हें वित्तीय कमेटी, स्टैंडिंग कमेटी और अन्य संसदीय कमेटी में प्रशिक्षण दिया गया।

इस त्रैमासिक कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को कानून बनाने की विधि, प्रक्रिया, संसदीय गतिविधि आदि के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम के आखिरी महीने में लार्डिस LARRDIS के अंतर्गत लाइब्रेरी, संदर्भ, शोध, कानूनी दस्तावेज़ और सूचना सेवा से संबन्धित मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को राष्ट्रपति भवन, दिल्ली दर्शन और ताज महल दर्शन करवाया गया। कार्यक्रम के आखिर में प्रशिक्षुओं से प्रोजेक्ट के रूप में शोध-पत्र भी जमा करवाया गया। जिसमें राजेन्द्र ने 'भारतीय संसदीय राजनीति में प्रमुख क्षेत्रीय दलों की भूमिका व गठबंधन की राजनीति' विषय पर अपना शोध-पत्र जमा किया। यादव की इस उपलब्धि के लिए उनका कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कार्यकारी कुलसचिव

प्रो. के. के. सिंह तथा गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी आदि ने अभिनंदन किया है।



***फोटो कैप्शन : राजेन्द्र कुमार यादव को प्रमाण पत्र देते हुए प्रल्हाद सिंह पटेल व वरिष्ठ पत्रकार राहुल देव***